सुख-शांति की दुआओं के साथ ईद की नमाज की अदा, दी मुबाकरकबाद

▶ क्षेत्रीय विधायक बर्डे ने गले मिलकर दी बधाई

पानसेमल, (नवभारत)। नगर सहित अन्य स्थानों पर ईद-उल-अजहा पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। कब्रस्तान में बने ईदगाह में मुस्लिम समाजजनों ने सामूहिक नमाज़ अदा की और एक-दूसरे से गले मिलकर एवं बड़ों का आशीर्वाद लेकर ईद की बधाई दी। मस्जिद के मौलाना फैसल कादरी ने सुबह नमाज पढ़ाई और बड़ों के सम्मान करने एवं आपसी सौहाद्र बनाए रखने की बात कही। उपस्थितजनों ने देश की खुशहाली और सुख शांति की सामूहिक दुआएं मांगी। इस अवसर पर विधायक श्याम बर्डे, राजेंद्र शितोले, लोकेश शुक्ला, प्रकाश खेड़कर, सुभाषराव शितोले, देवानंद खेरे, बहरिया खेड़कर, चंद्रकांत महाजन, दिनेश जाधव, आमलाल खेड़कर, उदय खेड़कर ने मुस्लिम समाजजनों से गले मिलकर बधाई दी।

ईद की नमाज को लेकर कमेटी द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई थी। नमाज़ के बाद नगर में ईद मिलन का सिलसिला शुरू चलता रहा। मुस्लिम कमेटी सदर रफीक राठौड़ ने कमेटी की ओर से प्रशासन एवं पुलिस टीम का आभार जताया।

पर्व के मौके पर यह रहे उपस्थित

शांति व्यवस्थाओं के लिए तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी विजय रावत, विनोद बर्डे, पटवारी मुकेश अवास्या व पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं इस अवसर पर मौलाना फैसल कादरीए, समाज के वरिष्ठ हाजी शरीफ राठौड़, बशीर कुरैशी, याकूब कुरैशी, जब्बार कुरैशी, फरदी कुरैशी, पूर्व सदर सरफराज कुरैशी, इब्राहिम भारती, इस्माइल खान व युवा उपस्थित।

हर्षोल्लास से मनाया ईद-उल-अजहा पर्व

बड़वानी।(नवभारत)। त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देने वाला पवित्र पर्व ईद-उल-अजहा गुरुवार को जिले में अकीदत, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर में ईद मुबारक की गूंज सुनाई देती रही। ईदगाह एवं मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने नमाज अदा कर देश, प्रदेश और जिले में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की तथा अच्छी बारिश के लिए विशेष दुआएं मांगी।

दुकानों पर बनी रही रौनक

शहर के पाटी रोड़ स्थित ईदगाह पर सुबह 7 बजे से ही समाजजन पहुंचने लगे। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने बुजुर्गों एवं युवाओं की अनुशासित कतारें आकर्षण का केंद्र रही, वहीं रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चों की चहल-पहल ने पर्व की खुशियों को और बढ़ा दिया। ईदगाह परिसर के बाहर कुल्फी, आईसक्रीम, खिलौनों एवं अन्य दुकानों पर रौनक बनी रही।

सुन्नत मुस्लिम जमाअत व दारूल कज़ात सदर कय्युम कुरेशी की सदारत में मौलाना अब्दुल जब्बार नूरी साहब द्वारा जमीयत का ताऊन कराया गया। वहीं मौलाना हबीबुद्दीन साहब ने ईद-उल-अजहा की नमाज का तरीका एवं पर्व का महत्व बताया। हाफिज सैयद रफीक साहब ने नमाज अदा कराई, मौलाना असगर अली साहब ने अपने खुतबे में कुर्बानी के वास्तविक उद्देश्य, इंसानियत, भाईचारे एवं जरूरतमंदों की मदद का पैगाम दिया। सामूहिक दुआ के लिए हजारों हाथ उठे।

मस्जिद में अदा की नमाज़

ईदगाह नहीं पहुंच सके लोगों के लिए एमजी रोड़ स्थित जामा मस्जिद में दो शिफ्ट में नमाज अदा की गई। पहली नमाज हाफिज इमरान साबरी एवं दूसरी नमाज हाफिज नवेद साहब ने पढ़ाई। वहीं जिला जेल में बंदियों के लिए हाफिज नूर मोहम्मद साहब ने विशेष नमाज अदा कराई। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी असद खान ने जिलेवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए भाईचारे और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वरिष्ठ अधिवक्ता कमरुज्जमा शेख द्वारा भी जानकारी सांझा की गई।

सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पुलिस एवं प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ईदगाह मार्ग, मस्जिदों एवं प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम भूपेंद्र रावत, एसडीओपी महेश सुनैया, टीआई बलजीत बिसेन, तहसीलदार हितेंद्र भावसार सहित पुलिस, राजस्व एवं यातायात विभाग का अमला लगातार मुस्तैद रहा। शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न होने पर आमजन ने प्रशासन की सराहना की। सुन्नत मुस्लिम जमाअत के सेक्रेटरी फजलुर्रहमान शेख ने सभी का आभार माना।

किशोरियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम

बड़वानी, (नवभारत)। सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन के संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम अंतर्गत 27 मई को ग्राम पंचायत सेमलेट में विश्व माहवारी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा सुरक्षित एवं स्वच्छ माहवारी प्रबंधन के प्रति प्रेरित करना था।

माहवारी स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किए। साथ ही प्रोजेक्टर से नुक्कड़ नाटक व शैक्षणिक फिल्म का प्रदर्शन किया। जिसमें सुरक्षित माहवारी प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। किशोरियों एवं महिलाओं को अपने अनुभव सांझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता जागरूकता की शपथ दिलाई गई तथा सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान सावन सोलंकी जिला समन्वयक, स्टॉफ नर्स सीमा सोलंकी, लैब टेक्नीशियन चंद्रावती, डॉ देवेंद्र, सुरेश रावत एवं रुपेश नरगावे की विशेष उपस्थिति रही।

नि :शुल्क मिर्गी जांच और निदान शिविर लगेगा कल

▶ जिला मुख्यालय पर पहली बार होगा आयोजन

बड़वानी।(नवभारत)। जिला अस्पताल पर 30 मई को लायंस क्लब बड़वानी सिटी, जिला चिकित्सालय और सामाजिक चिंतन मंच के तत्वावधान में मिर्गी रोगियों के लिए जांच एवं निदान के लिए नि:शुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा।

लायन अनिल जोशी, लायन सचिन शर्मा तथा प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बड़ौदा गुजरात के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ चतुर्भुज राठौर और न्यूरोलॉजिस्ट डॉ केएस रावत इंदौर मरीजों की नि:शुल्क जांच एवं निदान कर मार्गदर्शन देंगे।

बुधवार को मिर्गी उपचार शिविर तथा नेत्र शिविरों की जानकारी कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह को लायन राम जाट, लायन महेश शर्मा, लायन सचिन शर्मा एवं लायन अनिल जोशी ने दी। शिविर का उद्घाटन शनिवार सुबह 10 बजे कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा किया जाएगा। शिविर शाम 4 बजे तक चलेगा। शिविर का स्थान डीईआईईआईसी भवन महिला अस्पताल के पिछे जिला चिकित्सालय रहेगा। डॉ लखन गांगले और जितेंद्र जैन, श्रीराम यादव, दीपक जोशी ने शिविर का लाभ अधिक से अधिक उठाने की अपील की है।

जनजागरण यात्रा निकलेगी 31 को

बड़वानी, (नवभारत)। जिले में व्यसन से बचो, सृजन में लगाओ अभियान के तहत 24 मई से व्यसन मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर जयंती सिंह के निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में हो रहा है।

युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक लखन विश्वकर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक रौनक सोलंकी ने बताया कि सप्ताहभर जिले की तहसीलों में जनजागरण, सम्पर्क अभियान, संकल्प सभाएं, मानव श्रृंखला, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक तथा व्यसन मुक्ति से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान का समापन 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला स्तरीय जन जागरण यात्रा के रूप में होगा। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से भव्य रैली एवं व्यसन मुक्ति मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन, युवा, मातृशक्ति एवं नागरिकजन सहभागिता कर नशामुक्त समाज निर्माण का सामूहिक संकल्प लेंगे।

पेटलावद में नवकार मित्र मंडल के तत्वावधान में 167 तपस्वियों ने की आयंबिल तप की आराधना

पेटलावद। नवकार मित्र मंडल के द्वारा आयोजित सामूहिक आयंबिल अनुष्ठान में जैन समाज के 167 तपस्वियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर धर्मलाभ लिया। इस पावन अवसर पर छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर आयंबिल तप की आराधना की और तपस्वियों के इस सामूहिक आयोजन की व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान संजय व्होरा, संजय मालवी एवं नरेंद्रकुमार वागमलजी कटकानी परिवार की ओर से सभी तपस्वियों को प्रभावना वितरित की गई। आयोजन में नवकार मित्र मंडल के संरक्षक संजय व्होरा, संजय मालवी, चेतनकुमार कटकानी व नवीन मुरार सहित मंडल के सक्रिय सदस्य अनिल मेहता, राहुल मुथा, संजय बरबेटा, अभिषेक पटवा, अंकित कटकानी, सिद्धार्थ चाणोदिया, श्रेयल पटवा, आशीष झालोका, हिमांशु झालोका, विवेक झालोका, सुजल पटवा व अभिषेक मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंडल के सदस्यों ने बताया कि सभी के सहयोग से यह आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

आकांक्षा योजना में अनियमितताओं के विरोध में एनएसयूआई का धरना

नवभारत न्यूज

इंदौर. आदिवासी छात्रों के लिए संचालित आकांक्षा योजना में कथित अनियमितताओं, शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में बुधवार को एनएसयूआई ने इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व हस्द्ध इंदौर जिला उपाध्यक्ष संदीप पाठोदे ने किया. बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और एनएसयूआई कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल हुए.

धरने को संबोधित करते हुए संदीप पाठोदे ने कहा कि आकांक्षा योजना का उद्देश्य आदिवासी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अवसर उपलब्ध कराना था, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण छात्र परेशान हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यार्थियों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल रहीं और उनकी शिकायतों की अनदेखी की जा रही है. प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर योजना में हो रही गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और छात्रों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की. एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा. धरने के दौरान छात्रों ने शिक्षा में भ्रष्टाचार बंद करो, आदिवासी छात्रों को न्याय दो और आकांक्षा योजना में पारदर्शिता लागू करो जैसे नारे लगाए. एनएसयूआई ने कहा कि शिक्षा और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा.

आरटीओ की कार्रवाई या दिखावटी अभियान

▶ बस ऑपरेटरों पर सिर्फ 65 हजार का जुर्माना

नवभारत न्यूज

इंदौर . परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों और अन्य वाहनों के खिलाफ चलाए गए विशेष जांच अभियान पर सवाल उठने लगे हैं. विभाग ने दावा किया है कि सघन जांच के दौरान विभिन्न वाहन संचालकों से कुल 65 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया, लेकिन इतने बड़े स्तर पर चलने वाले यात्री परिवहन नेटवर्क के मुकाबले यह कार्रवाई बेहद मामूली मानी जा रही है.

परिवहन आयुक्त उमेश जोगा और कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ इंदौर एवं संभागीय परिवहन उड़नदस्ता ने धार रोड, राऊ और पीथमपुर क्षेत्र में बसों व अन्य वाहनों की जांच की. अधिकारियों ने परमिट, फिटनेस, बीमा और अन्य दस्तावेजों की जांच की, साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण और स्पीड गवर्नर भी चेक किए. हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि यदि इतनी बड़ी संख्या में यात्री वाहन नियमों का उल्लंघन कर रहे थे .

प्रभावी मेंटेनेंस के बावजूद बिजली उपभोक्ता परेशान

इंदौर . मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लगातार आपूर्ति सुधार और प्रभावी मेंटेनेंस के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी उपभोक्ताओं की परेशानी कम नहीं कर पा रही है . कंपनी के आंकड़ों के अनुसार मालवा-निमाड़ क्षेत्र में बिजली संबंधी शिकायतों में केवल सीमित कमी दर्ज हुई है,

लूट कांड का किया खुलासा

बड़वानी, (नवभारत)। कोतवाली पुलिस ने एक बोलेरो पिकअप और 222 पेटी बीयर लूट कांड का किया चंद घंटों में खुलासा किया। 6 आरोपियों से लूट का 13 लाख 40 हजार का माल भी बरामद किया।

पुलिस ने बताया कि 27 मई 26 को फरियादी ने थाने आकर बताया कि इन्दौर से पाटी उसकी बोलेरो पिकअप गाड़ी में परमिट की 222 पेटी बीयर शराब लेकर जा रहा था। रास्ते में पाटी नाका के आगे मोटर सायकल से आए अज्ञात युवकों द्वारा उसे रोक कर डरा धमका कर साथ ले जाकर बावनगजा पहाड़ियों तरफ उसकी बोलेरो पिकअप व उसमें भरी बीयर शराब को छिनकर फरियादी व उसके साथी को जगंल में देर रात छोड़ दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपियों द्वारा देर रात किए गए सनसनीखेज घटनाक्रम को पुलिस टीम ने एसपी पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी महेश सुनैया के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम को आरोपीयो को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी बलजीत बिसेन को निर्देशित किया गया।

पुलिस ने लूटकांड घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर हिरासत में लेकर 1 बोलेरो पिकअप और 102 पेटी बीयर कीमती 13 लाख 40 हजार रूपए के माल सहित घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

एक नजर में ▶ शहर के मुख्य मार्गों पर 10 जून से पहले पैचवर्क पूरा करने का लक्ष्य

बारिश के पहले नगर निगम गड्ढे भरने में जुटा

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम शहर में बारिश के पहले गड्ढे भरने में जुट गया है. शहर के सभी क्षेत्रों में प्रमुख और व्यस्त मार्गों पर सड़कों का पेंचवर्क शुरू हो चुका है. खास बात यह है कि 10 जून के पहले शहर की सभी प्रमुख सड़कों का पेचवर्क पूरा करने के आयुक्त ने निर्देश दिया है.

नगर निगम ने बारिश के पहले मुख्य और व्यस्त सड़कों पर पेंचवर्क करना शुरू कर दिया है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त क्षितिज सिंगल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 10 जून के पहले शहर सभी प्रमुख सड़कों के गद्दे भर जाना चाहिए. यही कारण है कि शहर विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर सड़क सुधार एवं पैचवर्क कार्य लगातार चल रहे हैं. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी पेंचवर्क कार्य 10 जून के पहले तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे कर लें. इस दौरान यातायात प्रभावित न हो, इसका विशेष ध्यान रखे .

निम्न सड़कों पर निगम कर रहा पेंचवर्क

नगर निगम ने कल एम.आर.-10 रोड पर हीरा नगर चौराहे से बापट चौराहे तक, राजकुमार ब्रिज, स्टार चौराहे से रेडिसन चौराहे तक, पल्लहर नगर 60 फीट रोड, धार रोड तथा रिंग रोड पर मूसा खेड़ी से वर्ल्ड कप चौराहे मार्ग पर पेंचवर्क किया . नगर निगम द्वारा आज राजकुमार ब्रिज के शेष भाग, रेडिसन से स्टार चौराहा मार्ग, रिंग रोड पर मूसा खेड़ी से वर्ल्ड कप चौराहे का शेष हिस्सा, एम.आर.-10 रोड पर हीरा नगर से विजय नगर चौराहे के मध्य शेष भाग तथा कालानी नगर मुख्य मार्ग पर पैचवर्क कार्य किया जाएगा .

एसएसटीडी के कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज़

इंदौर . मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार शाम एसएसटीडी अंतर्गत स्वीकृत विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली . बैठक में सभी 15 जिलों के अधीक्षण यंत्रियों एवं एसटीसी प्रभारियों से कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए .

समीक्षा के दौरान एनएचआई, रेलवे और वन विभाग से आवश्यक अनुमतियां समय पर प्राप्त कर परियोजनाओं की गति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया . सिंह ने कहा कि नए ग्रिड, 33 केवी एवं 11 केवी लाइनों का विस्तार ट्रांसफार्मर स्थापना तथा पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यों से लाखों उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता और अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी . बैठक में कार्यपालक निदेशक एसएल करवाड़िया, मुख्य अभियंता अचल जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय, सुनील पटौदी, मुख्य वित्त अधिकारी अजयपाल सिंह अवास्या, राजेश माहौर, आरबी दोहरे, शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे एवं विनोवा तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे .